संपादकीय

भारत के सामने नई चुनौतियां

हले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं।

भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है।

इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से 'जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा।

चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था।

हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।

मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं।

इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि 'जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।

नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है। क्या भारत सरकार इसे भी मानेगी?

भारत 2028 तक बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली

भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। यह दावा वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह असाधारण वृद्धि संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की दूरदृष्टि और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली, तब उन्होंने देश के कायाकल्प के लिए एक मजबूत दिशा तय की थी।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने औद्योगिक नवाचार की एक लहर को जन्म दिया, जिसने गांवों को विनिर्माण केंद्र और शहरों को समृद्ध आर्थिक केंद्रों में बदल दिया। इन पहलों से न केवल उद्योगों में वृद्धि हुई, बल्कि भारत को एक डिजिटल महाशक्ति बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। भारत में होने वाली विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं ने न केवल देश का रूप बदला, बल्कि वैश्विक निवेशकों को भी आकर्षित किया। डिजिटल क्रांति के कारण लाखों लोगों को जोड़ने के साथ-साथ कई बड़े सुधारों ने भारत को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया।

भारत की यह वृद्धि 1.4 बिलियन लोगों की आकांक्षाओं का वास्तविक रूप है। इस प्रगति का मुख्य कारण देश के युवा और महत्वाकांक्षी कार्यबल है, जो हर दिन नए-नए मील के पत्थर पार कर रही है।

भारत के आर्थिक सुधारों में कर सुधारों से लेकर वित्तीय समावेशन, नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर पहलू में देश ने अनुकूल परिवर्तन किए हैं। इन सुधारों ने न केवल अर्थव्यवस्था को गति दी है, बल्कि भारत को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था ऊंचाई की ओर बढ़ रही है, यह स्पष्ट है कि भविष्य भारत का है। जहां एक ओर दुनिया अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रही है, वहीं भारत अपनी मजबूत आर्थिक नीति और विकासात्मक दृष्टिकोण के साथ तेजी से विकास कर रहा है।

टाटा कम्युनिकेशंस ने एन गणपति सुब्रमण्यम को नियुक्त किया निदेशक मंडल का अध्यक्ष

मुंबई

टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड ने एन गणपति सुब्रमण्यम को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी।

सुब्रमण्यम 2 दिसंबर, 2021 को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल हुए थे।

वे 40 से अधिक वर्षों से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) और भारतीय आईटी इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं।

उन्होंने मई 2024 में टीसीएस के मुख्य परिचालन अधिकारी और कार्यकारी निदेशक के पद से इस्तीफा दिया। टाटा कम्युनिकेशंस ने घोषणा की कि कंपनी के निदेशक मंडल ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर, 14 मार्च, 2025 से कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में एन. गणपति सुब्रमण्यम को गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, उन्होंने बैंकिंग, टेलीकॉम और पब्लिक सर्विस में वैश्विक स्तर पर टीसीएस द्वारा शुरू की गई कई ऐतिहासिक पहलों में रणनीतिक भूमिका निभाई है। कंपनी के बयान के अनुसार, उन्हें टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन और चेंज मैनेजमेंट को लेकर गहरी समझ और ज्ञान है। वर्तमान में, एन. गणपति सुब्रमण्यम टाटा एलेक्सी लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, तेजस नेटवर्क लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, भारत 6 जी एलायंस की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के पद भी संभाल रहे हैं।

इसके अलावा, वे 'श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी' में इंस्टीट्यूट बॉडी के सदस्य हैं और 'द सोसाइटी फॉर द रिहैबिलिटेशन ऑफ क्रिपल्ड चिल्ड्रन, मुंबई' में कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं।

अंबाती रायडू ने चुनी मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन, सिर्फ 3 विदेशी खिलाड़ियों को किया शामिल

नई दिल्ली । भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव किया है। रायडू ने मुंबई की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही चुना है उन्हें भरोसा है कि बाकी 8 भारतीय खिलाड़ी इस टीम की नैय्या पार लगा सकते हैं। रायडू ने अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में बताया। मुंबई के ओपनर्स के रूप में रायडू ने रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन को चुना है। जबकि नंबर तीन, चार और पांच के लिए उन्होंने तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को चुना है। नंबर 6 पर उन्होंने युवा नमन धीर पर भरोसा जताया है जबकि नंबर सात के लिए उनकी पसंद न्यूजीलैंड के लिमिटेड ओवर्स कप्तान मिचेल सैंटनर हैं। इसके बाद उन्होंने तीन तेज़ गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को चुना है। जबकि 1]वें प्लेयर और इम्पैक्ट प्लेयर के लिए उन्होंने कंडीशंस के हिसाब से प्लेयर का चुनाव करने की सलाह दी। खैर, ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई की टीम मैनेजमेंट भी रायडू द्वारा चुनी गई प्लेइंग इलेवन के साथ जाती है या वो कुछ अन्य प्लेयर्स पर भरोसा जताते हैं।

चालू वित्त वर्ष में रेलवे की माल ढुलाई बढ़कर 1,465 मीट्रिक टन हुई

नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 के 11 महीनों में अब तक 1,465.371 मीट्रिक टन (एमटी) माल ढुलाई की है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के पूरे 12 महीनों में 1,443.166 मीट्रिक टन से अधिक है। यह जानकारी रेल मंत्रालय द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों से मिली है।

भारतीय रेलवे ने 2027 तक 3,000 एमटी माल ढुलाई का लक्ष्य रखा है।

मंत्रालय ने कहा, भारतीय रेलवे 3,000 मीट्रिक टन माल ढुलाई के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वित्त वर्ष 2024-25 में 2 मार्च तक 1,465.371 मीट्रिक टन माल ढुलाई दर्ज हुई है। माल ढुलाई भारतीय रेलवे की रीढ़ बनी हुई है, जो इसके राजस्व में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देती है। कोयला, लौह अयस्क और सीमेंट माल ढुलाई, माल ढुलाई संचालन के माध्यम से राजस्व का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

पिछले 11 वर्षों में मालगाडियों और यात्री गाडियों की आवाजाही में वृद्धि हुई है, देश भर में 34,000 किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के विकास के साथ मालगाडियों की गति भी बढ़ गई है। जनवरी के दौरान मालगाड़ी परिचालन में डीएफसी ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, जिसने भारत के लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन में एक नया मानक स्थापित किया।

मंत्रालय के अनुसार, 2025 के पहले महीने में डीएफसी पटरियों पर प्रतिदिन औसतन 391 ट्रेनें चलाई गईं। जबकि ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) ने प्रतिदिन औसतन 209 ट्रेनें चलाईं, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) ने प्रतिदिन औसतन 182 ट्रेनें चलाईं। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि निर्बाध और कुशल माल परिवहन के लिए डीएफसी पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है, जो औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करती है।

हरमनप्रीत की पारी हमारे लिए निर्णायक साबित हुई : एमआई कोच एडवर्ड्स

मुंबई । मुंबई इंडियंस (एमआई) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ रनों से हराया। इस जीत के बाद एमआई की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 66 रनों की शानदार पारी को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। मुकाबले में हरमनप्रीत ने घुटने की परेशानी के बावजूद बेहतरीन शॉट खेले और शानदार 66 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। हालांकि एमआई की शुरुआत धीमी रही और पहले छह ओवर में सिर्फ 20 रन बने, लेकिन इसके बाद टीम ने संभलकर 149/7 का स्कोर खड़ा किया।

एमआई के गेंदबाजों ने इस लक्ष्य को बचाने में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नैट साइवर ब्रंट ने तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141/9 तक सीमित कर दिया। शार्लेट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, हम जानते थे कि इस मैदान पर पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा, लेकिन बाद में हम वापसी कर सकते हैं।

उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा, जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं। निश्चित तौर पर वह दूसरा खिताब जीतना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने अपने पारी में वह सब कुछ किया। इस मैदान पर पहले छह ओवर मुश्किल होते हैं, तो मुझे लगता है हरमनप्रीत ने हालातों को बहुत अच्छे से समझा। वह जानती थीं किस गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक होना है और यह एक निर्णायक पारी थी जिसने हमें गेम में आगे कर दिया।

डीसी के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने भी हरमनप्रीत की इस पारी को सराहा और कहा कि उन्होंने एमआई को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हरमनप्रीत ने जोखिम उठाए और उन्हें अपने खेल पर पूरा भरोसा था, इसलिए वह सफल रहीं।

उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा, जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं। निश्चित तौर पर वह दूसरा खिताब जीतना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने अपने पारी में वह सब कुछ किया।

मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक अवरोध है : डीसी कोच बैटी

नई दिल्ली

ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक अवरोध की बातों को खारिज कर दिया।

बैटी ने कहा, लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि ओह हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है।

मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक अवरोध है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। आप देखें कि पूरे सप्ताह में क्या हुआ, एलिमिनेटर और यहां के अन्य मैचों में, हम उम्मीद कर रहे थे कि शायद 180 के बराबर स्कोर होगा, इसलिए हम इससे वास्तव में प्रसन्न थे।

बैटी ने कहा, खिलाड़ी इसके लिए तैयार थे, वे ठीक थे और मुझे लगता है कि किसी भी तरह की मानसिक रुकावट नहीं थी। लेकिन इसका पूरा श्रेय विपक्ष को जाता है, उन्होंने हमें मात दी और वे मैच जीतने के हकदार थे। 150 रनों का पीछा करते हुए, आप उम्मीद करते हैं कि बल्लेबाजी इकाई सकारात्मक, आक्रामक क्रिकेट खेलेगी, और आपको दस में से नौ बार उस मैच को जीतना चाहिए - मुझे लगता है कि उस विकेट पर 180 रन का स्कोर बराबर था। मुंबई इंडियंस को पूरा श्रेय जाता है, उन्होंने हमें कभी भी रन रेट से आगे नहीं बढ़ने दिया।

गदर 2 को पछाड़ छावा बनी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 10वीं फिल्म

हिस्टोरिकल पीरियड फिल्म छावा ने अपनी रिलीज के 27 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा बीती 14 फरवरी को रिलीज हुई थी और साल 2025 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. छावा भारत में 500 करोड़ रुपये कमाने वाली आठवीं हिंदी फिल्म भी बन गई है. छावा की कमाई बॉक्स ऑफिस पर कभी बढ़ती है तो कभी गिरती है, लेकिन इसकी कमाई का आंकड़ा करोड़ों में ही है. छावा ने इन 27 दिनों में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े तो कई रिकॉर्ड बनाए भी. छावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई में सनी देओल की सबसे कमाऊ फिल्म गदर 2 से आगे निकल गई है. फिल्म छावा ने 27 दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया है और फिल्म अब किन-किन फिल्मों के रिकॉर्ड तोडने जा रही है आइए जानते हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा ने 27वें दिन 4.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) कमाए हैं. छावा की 27वें दिन की कमाई में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. छावा ने 26वें दिन 5 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसमें 4 करोड़ रुपये हिंदी बॉक्स ऑफिस पर बटोरे थे. छावा ने 27वें दिन हिंदी में 3.9 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.85 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ छावा का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 535.55 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें छावा ने हिंदी में 524.45 करोड़ रुपये और तेलुगू में 11.1 करोड़ रुपये की कमाई की है.

खाकी: द बंगाल चैप्टर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर को काफी पसंद किया गया था। इसमें करण टैकर, रवि किशन, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह सीरीज 25 नवंबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

खाकी: द बिहार चैप्टर के दूसरे सीजन खाकी: द बंगाल चैप्टर का ऐलान पहले ही हो चुकी है, वहीं अब निर्माताओं ने सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।

खाकी: द बंगाल चैप्टर का प्रीमियर 20 मार्च, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, बॉस और बंबा दा की दहाड़ सुनने के लिए हो जाइए तैयार।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किये हुये काम का आज सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा।

वृष- आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग क्लोज रखेंगे तो सफलता जरूर हासिल होगी। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें।

मिथुन- आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। लवमेट आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

सिंह- आज का दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको जरूर फायदा होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं।

कन्या- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें।

तुला- आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें।

वृश्चिक- आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रमोशन हो सकता है। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक समारोह में जायेंगें।

धनु- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें, वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा।

मकर- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा मामला आज सुलझ जायेगा।

कुंभ- आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धन लाभ होगा, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। सेहत सम्बन्धी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

कन्नप्पा का नया भावपूर्ण ट्रैक लव सॉन्ग रिलीज़, विष्णु मांचू और प्रीति मुकुंदन के बीच दिखी दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री

बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने एक खूबसूरत नया लव सॉन्ग लॉन्च किया है, जिसमें विष्णु मांचू और प्रीति मुकुंदन के बीच दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री दिखाई गई है। हमेशा मधुर रहने वाले शान और प्रतिभाशाली साहिती चगंती द्वारा गाया गया यह गाना स्टीफन देवसी द्वारा रचित है, जिसके बोल गिरीश नाकोद द्वारा लिखे गए हैं। यह भावपूर्ण ट्रैक एक गर्मजोशी भरे आलिंगन की तरह लगता है, जिसमें मधुर स्वर, मार्मिक गीत और स्वप्निल दृश्य एक साथ मिलकर प्रेम की एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली तस्वीर पेश करते हैं। विष्णु मांचू और प्रीति मुकुंदन के बीच ऑन-स्क्रीन बंधन शुद्ध और जादुई लगता है, जो इस भव्य आध्यात्मिक महाकाव्य में गीत को एक अलग ही पल बनाता है। शानदार पृष्ठभूमि पर सेट किया गया यह गाना कन्नप्पा में गहराई से बहने वाली भावनाओं को प्रकट करता है, जिसमें रोमांस, विश्वास और भक्ति को दिखाया गया है, जो सभी शक्तिशाली भावनाओं के साथ बुने गए हैं। लव सॉन्ग अब सभी प्रमुख डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है, जो आध्यात्मिक रूप से समृद्ध सिनेमाई यात्रा का एक आदर्श आरंभ है। कन्नप्पा, एक समर्पित शिव भक्त कन्नप्पा की पौराणिक कथा का एक महाकाव्य है, जो वर्ष की सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू, प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, अक्षय कुमार, प्रभास और काजल अग्रवाल सहित शानदार कलाकारों के साथ, यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का वादा करती है। फिल्म के लुभावने दृश्य और शक्तिशाली अभिनय इसे एक बड़ी सफलता बनाने की उम्मीद है। कन्नप्पा 25 अप्रैल, 2025 को दुनिया भर में एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। लव सॉन्ग ने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, प्रशंसक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

शब्द सामर्थ्य- 355

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 354 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

सू-दोकू- 355

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 354 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6